Seventeenth Loksabha

>

Title: Request for the stoppage of Train No. 12401/12402 at Bayana junction and Jaksaur passenger Train No. 59805 / 59806 running from Jaipur to Bayana at Fatehpur Sikari for the welfare of people.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार प्रकट करती हूं । मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधा पर्याप्त रूप से नहीं मिल पा रही है । भरतपुर के रेल यात्रियों को यात्रा करने के लिए अन्य स्टेशनों पर जाना पड़ता है । रेल सेवा नम्बर 12401 और 12402 कोटा देहरादून नंदा देवी एक्सप्रेस का ठहराव बयाना जंक्शन पर जनहित में किया जाए । बयाना में लाल पत्थर की विश्व मंडी है एवं देश के कई स्थानों पर भवन निर्माण में लाल पत्थरों का प्रयोग हो रहा है जिससे लाल पत्थर के कारोबार में लगे लोगों को सुविधा मिलेगी । भारत के कई पर्यटन बयाना क्षेत्र के आसपास हैं जिससे पर्यटकों को भी बयाना आने जाने में सुविधा मिलेगी ।

मेरे संसदीय क्षेत्र में रुपवास उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान की सीमा पर स्थित है । रुपवास एवं उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक स्थल के लोगों को जयपुर जाने के लिए कोई रेल सुविधा नहीं मिल पा रही है । इससे फतेहपुरी ऐतिहासिक पर्यटन स्थल से जयपुर के पर्यटन स्थलों तक जाने की सुविधा मिल जाएगी । सरकार से अनुरोध है कि जसकौर पैसेंजर रेल संख्या 59805 और 59806 जयपुर से बयाना तक चलती है, उसका फतेहपुर सिकरी वाया रुपवास हुए उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक स्थल फतेहपुर सिकरी तक विस्तार किया जाए ।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूंगी कि मेरे संसदीय क्षेत्र के विशाल तहसील बयाना में कोटा देहरादून नंदा देवी एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाए ।